हादसा

बाइक वर्कशॉप में काम करते समय हादसा, खेत जाने की तैयारी कर रहा था

एयर कंप्रेसर टैंक फटने से युवक की मौत

जमुना-कोतमा नवभारत 5 अगस्त। अनूपपुर जिले के कोतमा नगर के श्रमिक नगर बस स्टैंड स्थित एक ऑटो वर्कशॉप में बुधवार दोपहर हुए भीषण हादसे में 22 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई।

वर्कशॉप में हवा भरने के दौरान अचानक एयर टैंक तेज धमाके के साथ फट गया, जिसकी चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

वर्कशॉप परिसर में मची अफरा-तफरी

जानकारी के अनुसार प्रिंस साहू, श्रमिक नगर बस स्टैंड स्थित कृष्णा ऑटो डील, मोती ऑटो वर्कशॉप एवं धुलाई सेंटर में कार्यरत थे। बुधवार करीब 12 बजे वह वर्कशॉप में एयर टैंक के माध्यम से हवा भरने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एयर टैंक भीषण धमाके के साथ फट गया।

विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि प्रिंस गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े और पूरे वर्कशॉप परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

लगा किसी स्थान पर बम फट गया

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि दूर-दूर तक इसकी आवाज सुनाई दी। कई लोगों को पहले लगा कि किसी स्थान पर बम फट गया है। तेज धमाका सुनते ही आसपास के दुकानदार, राहगीर और स्थानीय लोग दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे। वहां पहुंचने पर लोगों ने देखा कि युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों और साथियों ने बिना देर किए उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

प्रिंस साहू का विवाह कुछ ही माह पहले हुआ था

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में चिकित्सकों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद प्रिंस को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। बताया जा रहा है कि प्रिंस साहू का विवाह कुछ ही माह पहले छीलपा क्षेत्र में हुआ था। परिवार में नई खुशियों का आगमन हुआ था, लेकिन अचानक हुए इस हादसे ने उन खुशियों को मातम में बदल दिया।

सूने घर में चोरी का 24 घंटे में खुलासा

आरोपी गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

अनूपपुर, नवभारत 5 अगस्त। भालूमाड़ा थाना क्षेत्र में सूने घर में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया घरेलू सामान भी बरामद कर लिया है।

आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार पीली दफाई निवासी रुकमणी माली उम्र 43 ने 3 अगस्त को थाना भालूमाड़ा में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके सूने मकान में अज्ञात व्यक्ति ने घुसकर घरेलू सामान चोरी कर लिया है। शिकायत के आधार पर थाना भालूमाड़ा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

घरेलू सामान भी बरामद किया

जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर भालूमाड़ा निवासी प्रेम कुमार सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी की संलिप्तता सामने आने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया घरेलू सामान भी बरामद कर लिया।

दतिया में कांग्रेस की जीत पर राजनगर में जश्न

ढोल-नगाड़ों के साथ मनाई खुशी कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी

राजनगर,नवभारत 5 अगस्त। दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत की खुशी में मंगलवार को राजनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और मिठाई वितरण के साथ विजय उत्सव मनाया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी तथा कांग्रेस के झंडे लहराते हुए उत्साहपूर्वक खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास, कांग्रेस कार्यकर्ताओं की

मेहनत और संगठन की एकजुटता का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस आगे भी जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का कार्य करेगी।

इनकी रही उपस्थिति

विजय उत्सव में जे.पी. श्रीवास्तव, डॉ. अशोक जेठानी, बैजू दुबे, धनंजय सिंह, रामायण सिंह, राहुल सिंह परिहार, पुल्लू दुबे, राजू श्रीवास्तव, रामजीवन, इमरान खान बंटी, सद्दाम अंसारी, इंद्रजीत सिंह, रामाश्रय यादव, तारकेश्वर प्रसाद, मनोहर जायसवाल, मुकेश राजभर, सोनू इफ्तार, राघवेंद्र द्विवेदी, अजय चतुर्वेदी, संतोष सिंह, पवन सिंह, राहुल जायसवाल, हसनैन अंसारी, विवेक सिंह, कृष्णा तिवारी, भूरा जायसवाल, संदीप तिवारी एवं शाहिद खान आदि उपस्थित रहे।

संस्कार और सृजन की दिशा देता रहेगा साहित्य : डॉ. दुबे

नवभारत, जबलपुर। सुमित्र का साहित्य समय की सीमाओं से परे पीढ़ियों को संस्कार और सृजन की दिशा देता रहेगा, ये बात कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे ने कहीं। मौका था पाथेय संस्था एवं सुमित्र सृजन पीठ के तत्वावधान में सेठ चुन्नीलाल का बाड़ा, 112 सराफा स्थित ऐतिहासिक भवन में 'सुमित्र साहित्य, संस्कृति धरोहर संगोष्ठी' के आयोजन का, जो कीर्तिशेष डॉ. सुमित्र की सृजन-साधना, साहित्यिक गोष्ठियों और आत्मीय संवादों का साक्षी रहा है। इस समय के साथ जीर्ण-शीर्ण हो चुके भवन के पुराने स्वरूप के विलुप्त होने से पूर्व यहाँ की साहित्यिक स्मृतियों और संस्मरणों को पूरी तरह संरक्षित किया गया।

सीपीआई कल से निकालेगी देशव्यापी पदयात्रा

1 सितम्बर को दिल्ली में होगी जनरैली, बैठक में रूपरेखा तय

अनूपपुर, नवभारत 5 अगस्त। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद अनूपपुर की बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कॉमरेड पीएस राऊतराय ने की, जबकि जिला सचिव कॉम. जनक राठौर ने बैठक का संचालन किया। बैठक में पार्टी की मध्य प्रदेश राज्य परिषद के सह-सचिव कॉम. हरिद्वार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियान की

रूपरेखा पर चर्चा की गई। पार्टी नेताओं ने बताया कि सीपीआई 6 से 15 अगस्त तक बदलाव ज़रूरी है अभियान के तहत देशव्यापी पदयात्रा आयोजित करेगी। इसके बाद 1 सितंबर को नई दिल्ली में जनहित के विभिन्न मुद्दों को लेकर एक विशाल जनरैली आयोजित की जाएगी।

कई मुद्दे गंभीर चिंता का विषय : सिंह

बैठक को संबोधित करते हुए कॉम. हरिद्वार सिंह ने कहा कि पार्टी के अनुसार देश में लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों से जुड़े कई मुद्दे गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने बेरोजगारी, महंगाई, निजीकरण, किसानों की समस्याओं और श्रमिक अधिकारों जैसे विषयों को पदयात्रा के प्रमुख मुद्दे बताया। वरिष्ठ नेता कॉम. विजेंद्र सोनी ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से पदयात्रा तथा दिल्ली में आयोजित होने वाली जनरैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

एक नजर में

सुरिंदर सिंह आनन्द बने धन पोठोहार बिरादरी के अध्यक्ष

नवभारत, जबलपुर। सिख समाज की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था धन पोठोहार बिरादरी के वार्षिक चुनाव में वरिष्ठ समाजसेवी सरदार सुरिंदर सिंह आनन्द को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर जबलपुर सिख संगत के अध्यक्ष हरेंद्र जीत सिंह बब्बू, गुरुद्वारा ग्वारीघाट के प्रधान गुलजीत सिंह साहनी, सदर के प्रभजोत सिंह, गोरखपुर के हरजीत सिंह सूदन कुक्कू, कालू आनन्द, गुरदेव सिंह पांधे एवं अन्य उपस्थित सदस्यों ने सुरिंदर सिंह आनन्द को सम्मानित कर उन्हें बधाई दी।

पर्याप्त वर्षा की कामना के लिए गायत्री परिवार करेगा वरुण यज्ञ

नवभारत, जबलपुर। वर्षा की कमी और संभावित जल संकट को देखते हुए अखिल भारतीय गायत्री परिवार ट्रस्ट ने 6 और 7 अगस्त को 'वरुण गायत्री जप एवं यज्ञ' का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इसका मुख्य उद्देश्य आध्यात्मिक साधना के माध्यम से पर्याप्त वर्षा की प्रार्थना करना तथा समाज में जल संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देना है। 6 अगस्त, गुरुवार को गायत्री शक्तिपीठ, मनमोहन नगर में सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक वरुण गायत्री मंत्र का अखंड जप होगा और इसके बाद सायं छह से सात बजे तक दीप महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। वहीं 7 अगस्त, शुक्रवार को सुबह 8 से 12 बजे के बीच सभी साधक अपने-अपने घरों में विधिवत गायत्री यज्ञ करेंगे तथा वरुण गायत्री मंत्र के साथ 24 आहुतियां समर्पित कर पर्याप्त वर्षा की प्रार्थना करेंगे। गायत्री परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से अखंड जप में दो-दो घंटे का समय देकर सहभागी बनने तथा अधिक से अधिक लोगों को इस आध्यात्मिक अभियान से जोड़ने का आह्वान किया है ताकि आयोजन के माध्यम से जल के महत्व, पर्यावरण संरक्षण और सामूहिक प्रार्थना की भावना को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

अमृत-हरित महाअभियान के तहत किया पौधरोपण

कोतमा नवभारत। नगर पालिका परिषद कोतमा द्वारा प्रदेशव्यापी अमृत-हरित महाअभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नेतृत्व में नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नीलम सिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ, उपाध्यक्ष वैशाली ताम्रकार, समस्त पार्षद,इंजीनियर वंदना अवस्थी, योगेंद्र तिवारी, ईश्वर दास, अनवार अहमद, रवि सोनी सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधे रोपे तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

बुजुर्ग महिला की हत्या का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझाया अंधविश्वास से जुड़ा हत्याकांड

अनूपपुर, नवभारत 5 अगस्त। जैतहरी थाना क्षेत्र के ग्राम केरहा भेलमा में जादू-टोना के शक में एक बुजुर्ग महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

दोनों आरोपियों ने पूछताछ में अंधविश्वास के चलते हत्या करना स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार 3 अगस्त को ग्राम केरहा

भेलमा निवासी कोमल सिंह ने थाना जैतहरी में सूचना दी कि उसकी रिश्ते की सास रामबाई गोंड़ पति स्व. पंचराम गोंड़ जो अकेली रहती थीं, 2 अगस्त की सुबह उनके भतीजे सुरेश सिंह गोंड़ और फूल सिंह गोंड़ उन्हें खेल मैदान में लाठी और लात-घूंसों से मारपीट कर रहे थे।

खून से लथपथ अवस्था में मिला था शव

मारपीट के बाद दोनों उन्हें उठाकर घर की ओर ले गए। अगले दिन सुबह रामबाई अपने घर में नहीं दिखीं। ग्रामीणों के साथ खोजबीन करने पर उनका शव घर के सामने बनी परछी के नीचे खून से लथपथ अवस्था में मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

आरोपियों के रिश्ते में बड़ी मां थीं

जांच के दौरान पुलिस ने सुरेश सिंह गोंड़ एवं फूल सिंह गोंड़ ने पूछताछ में बताया कि रामबाई उनकी रिश्ते की बड़ी मां थीं। उन्हें विश्वास था कि वह जादू-टोना करती थीं। उनके अनुसार रामबाई ने कुछ समय पहले कहा था कि परिवार के तीन लोगों में से एक की एक माह के भीतर मृत्यु हो जाएगी। पहले सुरेश के पिता और बाद में फूल सिंह के पिता की मृत्यु होने के बाद दोनों को शंका हो गई कि इसके पीछे रामबाई का जादू-टोना है। इसी अंधविश्वास के कारण उन्होंने रामबाई की हत्या की योजना बनाई।

अनुकंपा नियुक्ति के लिए विशेष शिविर आयोजित

विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों का निराकरण करना उद्देश्य

अनूपपुर, नवभारत 5 अगस्त। जिले के विभिन्न विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के उद्देश्य से बुधवार को जिला पंचायत सभागार अनूपपुर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों की सुनवाई कर आवेदकों की समस्याएं सुनीं। शिविर के दौरान सीईओ ने विभागवार लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों की

विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का नियमानुसार परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र आवेदकों को शीघ्र राहत मिल सके।

पारदर्शिता के साथ निराकरण किया जाए

उन्होंने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के मामलों का संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ निराकरण किया जाना चाहिए तथा अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। विशेष शिविर में जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सरिता नायक, कोषालय अधिकारी संतोष करचाम सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख, स्थापना शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

12 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

माता-पिता के विवाद और तानों से परेशान होने की जानकारी

अनूपपुर, नवभारत 5 अगस्त। चचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत अमलाई शनिचरी बाजार में बुधवार सुबह 12 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार स्वामी विवेकानंद स्कूल में कक्षा 6वीं में अध्ययनरत लक्ष्य दास सुबह अपने दादा से मोबाइल लेकर कमरे में गया था। कुछ देर बाद जब वह बाहर नहीं आया तो परिजनों ने

कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद खिड़की तोड़कर कमरे में प्रवेश किया गया, जहां छात्र फंदे से लटका मिला। परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

यूट्यूब पर फांसी लगाने से संबंधित वीडियो खोजे

परिजनों के अनुसार कमरे में मिले मोबाइल फोन में यूट्यूब पर फांसी लगाने से संबंधित वीडियो खोजे जाने की जानकारी सामने आई। बताया गया कि छात्र ने गमछे और दुपट्टे को जोड़कर फंदा बनाया था। मृतक के चाचा अजय दास ने बताया कि लक्ष्य पिछले कुछ महीनों से मानसिक रूप से परेशान था। वह अक्सर परिवार के लोगों से कहता था कि कुछ दोस्त और मोहल्ले के लोग उसे माता-पिता के वैवाहिक विवाद को लेकर ताने देते हैं, जिससे वह आहत रहता था। परिजनों ने बताया कि छात्र के माता-पिता के बीच लंबे समय से वैवाहिक विवाद चल रहा है।

मांग

रंगमहल मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोलने की मांग, भगवा पार्टी ने उठाई आवाज

कोर्ट के आदेश के बाद भी पूजा-अर्चना से वंचित

अनूपपुर, नवभारत 5 अगस्त। मां नर्मदा की पावन नगरी अमरकंटक स्थित प्राचीन कलचुरीकालीन रंगमहल मंदिर में विराजमान पातालेश्वर महादेव सहित अन्य देवस्थानों में नियमित पूजा-अर्चना शुरू नहीं होने का मामला एक बार फिर चर्चा में है। धार्मिक संगठनों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने न्यायालय के आदेश के बावजूद मंदिर में पूर्ण रूप से पूजा व्यवस्था बहाल नहीं होने पर नाराजगी जताई है।

भगवा पार्टी ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन से न्यायालय के आदेश का प्रभावी



पालन कराने तथा श्रद्धालुओं को निर्बाध दर्शन-पूजन का अधिकार सुनिश्चित करने की मांग की है।

रंगमहल मंदिर निजी धार्मिक संपत्ति है : मिश्र

भगवा पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल मिश्र ने कहा कि रंगमहल मंदिर निजी धार्मिक संपत्ति है और यहां पूजा-अर्चना का अधिकार न्यायालय द्वारा भी मान्य किया जा चुका है। इसके बावजूद मंदिर का बड़ा हिस्सा आज भी प्रभावी रूप से आम श्रद्धालुओं के लिए सुलभ नहीं हो पाया है। उन्होंने मांग की कि मंदिर को पुरातत्व विभाग के नियंत्रण से मुक्त कर धार्मिक परंपराओं के अनुरूप नियमित पूजा-अर्चना की व्यवस्था बहाल की जाए।

पूजा-अर्चना का अधिकार पीठ को प्रदान किया था

न्यायालय ने द्वारका शारदा पीठ के पक्ष में निर्णय देते हुए मंदिर की देखरेख तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना का अधिकार पीठ को प्रदान किया था। हालांकि स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि न्यायालय के निर्णय की भावना के अनुरूप व्यवस्था आज तक पूरी तरह लागू नहीं हो सकी है।

ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद ने कानूनी लड़ाई लड़ी थीं

गौरतलब है कि मां नर्मदा मंदिर के सामने स्थित प्राचीन रंगमहल मंदिर लंबे समय तक पूजा-अर्चना से वंचित रहा। मंदिर में पूजा-अर्चना के अधिकार को लेकर ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने न्यायालय में कानूनी लड़ाई लड़ी थी। उनकी ओर से अधिवक्ता मुरलीधर शर्मा एवं श्रीधर शर्मा ने पक्ष रखा था।

गुणवत्ता व समय-सीमा में कार्य करने के कलेक्टर ने दिये निर्देश

अनूपपुर, नवभारत 5 अगस्त। जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने बुधवार को जनपद अनूपपुर की ग्राम पंचायत बम्हनी का दौरा कर विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता बनाए रखते हुए तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने ग्राम में निर्माणाधीन आरसीसी नाली, सामुदायिक स्वच्छता परिसर, प्राथमिक विद्यालय बम्हनी की बाउंड्रीवाल, नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन के संधारण एवं विस्तारीकरण तथा प्रवेश द्वार निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने प्रत्येक कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दौरे के दौरान सीईओ ने ग्रामीणों से संवाद कर नल-जल योजना के संचालन और विकास कार्यों की स्थिति की जानकारी भी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।